- सच्चा माबूद भी वही है,मुसीबत के वक्त लोग उसी को पुकारते हैं,चाहे उसका कितना ही इन्कार करें।
- मुझको इस बात की तौफ़ीक दे कि तुझही को सच्चा माबूद मानूँ,तेरी ही परस्तिश और इताअत करुँ(शैतान और अपने नफ़्स की बात मानने से भी बचूँ।
- "क्या तुमने उस शख़्स को देखा जिसने अपने नफ्स को इलाह बना लिया हो

الْخَنَّاسِ ٤	الْوَسْوَاسِ	مِن شَرِّ
छुप कर हमला करने वाले के	वसवसा डालने वाले	शर से
الْخَنَّاسِ 1. ज़ाहिर होने के बाद छुपने वाला 2.पीछे हट जाने वाला	الْوَسْوَاسِ:बार-बार वसवसा डालने वाला وَسْوَسَه: पै-दर-पै ऐसे तरीक़े से किसी के दिल में कोई बुरी बात डाली जाये कि उसको महसूस भी न हो و س و س:माददा के चार हुरुफ	شَر: के दो मआनी=बूराइ,तकलीफ़
वसवसा डालने वाले, छुप-छुप कर हमला करने वाले के शर से,		

- शैतान के हमलों का एहसास कीजिये,और दिल से पनाह माँगिये ।
- अल्लाह के ज़िक्र की अहमियत को महसूस कीजिये,कि इससे शैतान रुसवा हो जाता है और दूर हट जाता है ।

النَّاسِ ٥	فِىْ صُدُوْرِ	يُوَسْوِسُ	الَّذِىْ
लोगों के	सीनों (दिलों) में	वसवसा डालता है	जो
اِنْسَان: की जमा نَاس	صُدُوْرِ: दिलों فِي: में صَدْر:सीना ,दिल صُدُوْر(जमा)		اَلَّذِىْ:क़ुरआन में304 बार الَّذِيْنَ 1080 बार
जो वसवसा डालता है लोगों के दिलों मे			

- शैतान कोशिश करता है सीने में वस्वसा डालने की ।
- सीना दिल का आँगन,चोर का हमला (सीना) से शुरु,अगर दिल अल्लाह के ज़िक्र से ज़िन्दा और मज़बूत हो तो शैतान पीछे हट जाता है. वरना इंसान उसके हमले की ज़द में आकर गुनाह करता है और दिल स्याह होने लगता है ।
- अल्लाह तआला ने क़ुरआन के बारे में सूरह यूनुस में फरमाया :شِفَآءٌ لِّمَا فِى الصُّدُوْرِ (शिफ़ा है उसके लिये जो सीनों में है).

وَالنَّاسِ ٦	مِنَ الْجِنَّةِ
और इंसानों (में से)	जिन्नों में से

النَّاسِ	وَ	الْجِنَّةِ	مِنَ
इंसान	और	जिन्नों	से
जिन्नों में से और इंसानों में से ।			

- हर एक के साथ एक जिन्न(शैतान)है,वह एक बदतरीन बदमाश दुश्मन की तरह मुसलसल हमले करने की कोशिश में है,अपने जिन्न की मौजूदगी का एहसास रखिये।
- इंसानी शयातीन कौन? हर वह दोस्त या ग्रूप जहाँ इस्लाम के बारे मे शुकूक़ वाली या गुनाहों पर उकसाने की बात होती हो,वह शैतानों की मजलिस है । क्या हमारा मीडिया ,टी.वी.,

इन्टरनेट,अख़बारात और रिसाले इनसे भरे हुये नही ? ऐसे इंसानो से भी अल्लाह की पनाह माँगनी चाहिये,इनसे होशियार रहना चाहिये ।

- दुआ करने के साथ-साथ ऐसे माहौल को साफ़ करने की इंफ़िरादी और इज्तिमाई कोशिश भी करनी चाहिये ।

ग्रामर: नीचे दिये गये **21** अहम सेगों की प्रेक्टिस कीजिये । आख़िरी दो सेग़े वाहिद मुअन्नस के हैं । **29** का अदद यह बताने के लिये है कि क़ुरआन मजीद में यह फ़ेल अपनी मुख़्तलिफ़ सूरतों में **29** बार आया है । कौसैन का ف फेल की क़िस्म (باب فَتَحَ) को बताता है ।

29 فَتَحَ (ف) — उसने खोला : فَتَحَ

فِعْل مَاضِي		فِعْل مُضَارِع			
فَتَحَ	उसने खोला	يَفْتَحُ	वह खोलता है/ खोलेगा	इस टेबल को अहम सेग़े: فَتَحَ ، يَفْتَحُ ، اِفْتَحْ	
فَتَحُوْا	उन्होने खोला	يَفْتَحُوْنَ	वस सब खोलते हैं/खोलेंगे	أمر	نَهْي
فَتَحْتَ	आपने खोला	تَفْتَحُ	आप खोलते है/ खोलेंगे	اِفْتَحْ खोल!	لَا تَفْتَحْ मत खोल!
فَتَحْتُمْ	आप सब ने खोला	تَفْتَحُوْنَ	आप सब खोलते है/खोलेंगे	اِفْتَحُوْا खोलो!	لَا تَفْتَحُوْا मत खोलो!
فَتَحْتُ	मैंने खोला	أَفْتَحُ	मैं खोलता हूँ /खोलूँगा	فَاتِح: खोलने वाला	
فَتَحْنَا	हमने खोला	نَفْتَحُ	हम खोलते हैं/ खोलेंगे	مَفْتُوح : जिसको खोला गया	
فَتَحَتْ	उस औरत ने खोला	تَفْتَحُ	वह खोलती है/ खोलेगी	فَتْح : खोलना	

346 جَعَلَ (ف) — उसने बनाया : جَعَلَ

فِعْل مَاضِي		فِعْل مُضَارِع			
جَعَلَ	उसने बनाया	يَجْعَلُ	वह बनाता है/बनायेगा	इस टेबल के अहम सेग़े: جَعَلَ، يَجْعَلُ، اِجْعَلْ	
جَعَلُوْا	उन्होने बनाया	يَجْعَلُوْنَ	वह सब बनाते हैं/ बनायेंगे	أمر	نَهْي
جَعَلْتَ	आपने बनाया	تَجْعَلُ	आप बनाते हैं/ बनायेंगे	اِجْعَلْ बना!	لَا تَجْعَلْ मत बना!
جَعَلْتُمْ	आप सब ने बनाया	تَجْعَلُوْنَ	आप सब बनाते हैं/बनायेंगे	اِجْعَلُوْا बनाओ!	لَا تَجْعَلُوْا मत बनाओ!
جَعَلْتُ	मैंने बनाया	أَجْعَلُ	मै बनाता हूँ/ बनाऊँगा	جَاعِل: बनाने वाला	
جَعَلْنَا	हमने बनाया	نَجْعَلُ	हम बनाते हैं/बनायेंगे	مَجْعُوْل: जिसको बनाया गया	
جَعَلَتْ	उस औरत ने बनाया	تَجْعَلُ	वह बनाती है/बनायेगी	جَعْل: बनाना	

सबक़-12: सूरह-अन-नास

قُلْ اَعُوْذُ بِرَبِّ النَّاسِ ﴿١﴾ مَلِكِ النَّاسِ ﴿٢﴾ اِلٰهِ النَّاسِ ﴿٣﴾

مِن شَرِّ الْوَسْوَاسِ ۙ الْخَنَّاسِ ﴿٤﴾

الَّذِىْ يُوَسْوِسُ فِىْ صُدُوْرِ النَّاسِ ﴿٥﴾

مِنَ الْجِنَّةِ وَالنَّاسِ ﴿٦﴾

सवाल-**1:** रब के मआनी को मिसालों से समझाइये ?

जवाब:

सवाल-**2:** शर के क्या मआनी हैं ?

जवाब:

सवाल-**3:** शैतान कब वसवसा डालता है ?

जवाब:

सवाल-**4:** इंसानी शैतान किस तरह की बातें करते हैं ?

जवाब:

अरबी क़वायद के सवालात बराए सबक़-12: सूरह-अन-नास

सवाल-1: नीचे दिए गये टेबल्स सेग़ों से तर्जुमा के साथ पुर कीजिये ।

उसने खोला (ف) فَتَحَ 29

इस टेबल के अहम सेग़े: فَتَحَ ، يَفْتَحُ ، اِفْتَحْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
		वह खोलता है/खोलेगा يَفْتَحُ	उसने खोला فَتَحَ
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
खोलने वाला:			
जिसको खोला गया:			
खोलना:			

उसने बनाया (ف) جَعَلَ 346

इस टेबल के अहम सेग़े: جَعَلَ ، يَجْعَلُ ، اِجْعَلْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
		वह बनाता है/बनायेगा يَجْعَلُ	उसने बनाया جَعَلَ
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
बनाने वाला:			
जिसको बनाया गया:			
बनाना:			

सवाल-2: अरबी अल्फ़ाज़ के टुकड़े हलकी लाईन मार कर बताईये, फ़िर उनका तर्जुमा कीजिये ।	
جَعَلْنَاكُمْ	
جَعَلْنَا	
وَاجْعَلْهُ	
تَفْتَحُوْنَ	
يَفْتَحُ	

सवाल-3: उर्दू से अरबी में तर्जुमा कीजिये ।	
हमने बनाया उसको	
पस बना दिया उनको	
वह बनाता है तुमको	
तुम बनाते हो उसको	
हमने खोला	

सबक़ 13 के ख़त्म तक आप 76 अल्फाज़ पढ़ना सीखलेंगे जो कुरआन में 30756 बार आये हैं

दुआ	तब्लीग़
तसव्वुर एहसास	
एहतिसाब	प्लान

सबक़-13: सूरह-अल्-काफ़िरुन

तआरुफ़: यह सूरह मक्का में उस वक्त नाज़िल हुई जब मक्का के मुशरिकीन ने यह देखा कि इस्लाम फैलता जा रहा है और उनका दीन कमज़ोर होता जा रहा है,उन्होने इस फैलाव को रोकने के लिये आप ﷺ को यह पेशकश की कि एक साल मुशरिकीन सिर्फ एक खुदा की इबादत करेंगें और दूसरे साल आप ﷺ बुतों की भी इबादत करें। अल्लाह तआला ने यहाँ इसका बिल्कुल साफ़ जवाब दे दिया।

- फ़ज्र और मग़रिब की सुन्नतों में रसूलुल्लाह ﷺ सूरह अल काफ़िरुन और सूरह अल इख़्लास पढ़ा करते थे। (مسند أحمد، ترمذي، نسائي، ابن ماجه)
- अल्लाह के रसूल ﷺ ने बाज़ सहाबा को फ़रमाया:"रात को सोते वक्त यह सूरत पढ़कर सोओगे तो शिर्क से बरी करार पाओगे (अबूदाऊद हदीस नम्बर : 5050)

﴿ أَعُوْذُبِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ﴾ ﴿ بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ﴾

153

الْكٰفِرُوْنَ ﴿١﴾	يٰٓاَيُّهَا	قُلْ
काफ़िरो !	ऐ	कह दीजिये
كَافِر से كَفَرَ : فاعِل से فَعَلَ كَافِر:इंकार करने वाला كَافِرُوْن،، كَافِرِيْن: इंकार करने वाले	يَا أَيُّهَا ، أَيُّهَا يَا، :ऐ	قل: यानी तब्लीग़ कीजिये बेहतरीन अन्दाज़ से
कह दीजिये - ऐ काफ़िरो!		

- हर ग़ैर मुस्लिम काफिर नही होता! सिर्फ वही जो बात पहुँचने के बाद इनकार करे,कुरआन ने आम ग़ैर मुस्लिमों के लिये को भी يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ कह कर पुकारा है।
- जब आप छोटे थे और आप के वालिद आपकी किसी बहन या भाई पर गुस्सा होते थे,तो आप सब बाक़ी बहन,भाई चौकस हो जाते थे बल्कि कोशिश करते थे अपने वालिद को खुश करें,यहाँ अल्लाह काफ़िरों से सख़्त नाराज़ है। हमें फ़ौरन चौकस हो जाना चाहिये और यह देखना चाहिये कि हमारी किसी बात से अल्लाह नाराज़ तो नही।
- काफ़िरों का अस्ल मसअला क्या था ? वह अपने नफ़्स,अपनी अना,माल,रुत्बा,रिवायत वग़ैरा की वजह से सच को जानते हुये भी इंकार करते थे।
- दुआ करें कि ऐ अल्लाह मैं अपनी अना की वजह से सच को मुस्तरद् न करूँ,अपनी अना,ख़्वाहिश और किब्र को कभी बीच में न आने दूँ।
- एहतिसाब:कितनी दफा मैं सच को ठुकराता हूँ ? या फौरी कुबूल नहीं करता ?
- प्लान बनाइये: इस्तिगफ़ार,अल्लाह की तारीफ़ और बड़ाई को बयान करने का,खुद की तरबियत करने का।
- तब्लीग़ कीजिये:लोगों को बताइये,अना और रिवायत को मानने के नुक़सानात।

تَعۡبُدُوۡنَ ﴿٢﴾	مَا	لَآ اَعۡبُدُ	
तुम इबादत करते हो	जिसकी	नहीं मैं इबादत करता	
تَعۡبُدُوۡنَ: (تَفۡعُلُوۡنَ के वज़न पर)	مَا के दो मआनी:नहीं और (What) مَا فِيۡه:नही इसमें (अरबी बोल चाल का मशहूर जुम्ला) مَا دِيۡنُكَ؟:क्या है तुम्हारा दीन?	اَعۡبُدُ मैं इबादत करता	لَآ नही
		नही मैं इबादत करता	
मैं इबादत नहीं करता जिस की तुम इबादत करते हो।			

- अक़ीदे के मामले में कोई मसालिहत नहीं,ईबादत के तीन मआनी है **(1)** पूजा व परस्तिश. **(2)** इताअत व फरमाँ बरदारी. **(3)** ग़ुलामी तीनों मआनी में सिर्फ़ अल्लाह ही की इबादत होनी चाहिये।
- आज के काफ़िर:इस्लाम को खूब बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं तो आज भी मुस्लिम परेशान हैं! ऐसे माहौल में पूरे ईमान व यकीन के साथ और उस दीन पर अल्लाह का शुक्र अदा करते हुये,ज़र्रा बराबर भी बगैर एहसास कमतरी के बगैर इस्लाम पर अमल कीजिये, मुख़ालिफीन को इस तरह देखिये जैसे आप अन्धे या ज़हर खाने वाले को देखते हैं।

اَعۡبُدُ ﴿٣﴾	مَآ	عٰبِدُوۡنَ	وَلَآ اَنۡتُمۡ		
मैं इबादत करता हूँ	जिस की	इबादत करने वाले हो	और न तुम		
اَعۡبُدُ: (أَفۡعُلُ के वज़न पर	مَا के दो मआना:नहीं और (What) مَا فِيه:नही इसमें(अरबी बोल चाल का मशहूर जुम्ला) مَا دِيۡنُكَ؟:क्या है तुम्हारा दीन कब्र का दूसरा सवाल?	عَابِد: इबादत करने वाला عَابِدُوۡن، عَابِدِيۡن:इबादत करने वाले عَبۡد:गुलाम(عَبَدَ और عَابِد अलग)	اَنۡتُمۡ तुम	لَآ न	وَ और
और न तुम! इबादत करने वाले हो उसकी जिसकी मैं इबादत करता हूँ,					

यानी यह ग़लत फ़हमी में न रहना कि तुम अल्लाह की इबादत करने वाले हो,शिर्क के साथ अल्लाह की इबादत मक़्बूल नही।

सारे मज़ाहिब एक नही हो सकते, वह इबादत जिसमें शिर्क की मिलावट हो अल्लाह को हरगिज़ कुबूल नही।

عَبَدۡتُّمۡ ﴿٤﴾	مَّا	عَابِدٌ	وَلَآ اَنَا		
तुम ने इबादत की	जिसकी	इबादत करने वाला	और न मैं		
عَبَدۡتُّمۡ: (فَعَلۡتُمۡ के वज़न पर)		عَابِدٌ: (फाइल के वज़न पर)	اَنَا मैं	لَآ न	وَ और
और न मैं इबादत करने वाला हूँ जिसकी तुम ने इबादत की					

शिद्दत से इन्कार कि तुम्हारे माबूदों की इबादत:

- न अब करता हूँ (لَا أَعْبُدُ) और न मुस्तक़बिल में करूँगा وَلَآ اَنَا عَابِدٌ
- न तुम्हारे मौजूदा माबूदों की इबादत करूँगा (مَا تَعْبُدُوْنَ) और न माज़ी के माबूदों की (مَا عَبَدْتُّمْ)

وَلَآ اَنْتُمْ	عٰبِدُوْنَ	مَآ	اَعْبُدُ ٥
और न तुम	इबादत करने वाले	जिसकी	मैं इबादत करता हूँ
और न तुम इबादत करने वाले जिसकी मैं इबादत करता हूँ			

- दलाइल आजाने के बावजूद,तुम्हारी हटधरमी के बिना पर तुम से उम्मीद नहीं कि तुम सिर्फ़ एक अल्लाह की इबादत करोगे।

لَكُمْ	دِيْنُكُمْ	وَلِيَ	دِيْنِ ٦ ع
तुम्हारे लिये	तुम्हारा दीन	और मेरे लिये	मेरा दीन
तुम्हारे लिये तुम्हारा दीन मेरे लिये मेरा दीन।			

- मतलब यह नही कि सारे मज़हब बराबर हैं।
- इसका मतलब यह भी नही है कि हमें तबलीग़ रोक देनी चाहिये, क्या मुहम्मद ﷺ ने वह्य आने के बाद तबलीग़ छोड़ दी ? बिल्कुल नहीं, यहाँ बात सिर्फ मसालिहत (Compromise) की पेशकश के जवाब में कही जा रही है।
- क्या मैं वाकई इस दीन की क़द्र करता हूँ ? क्या मैं इस पर अमल करने और इसको पहुँचाने की कोशिश करता हूँ ?
- इस सूरत को ज़िन्दगी में लाइये,यानी इसके पैग़ाम पर अमल कीजिये।

ग्रामर: नीचे दिये गये 21अहम सेग़ों की प्रेक्टिस कीजिये ,इससे पहले आपने فَتَحَ، يَفْتَحُ، اِفْتَحْ (यानी बाब فَتَحَ ف) के अफ़आल सीखे,यह बाब نَصَرَ (ن) है ,बुनियादी गरदान वही فَعَلَ की है, फर्क़ सिर्फ़ ज़बर,ज़ेर पेश का है, यहाँ نَصَرَ، يَنْصُرُ، اِنْصُرْ के बजाये نَصَرَ، يَنْصُرُ، اُنْصُرْ है, यानी ص पर ज़बर के बजाये पेश है, अरबी ज़बान में अफ़आल ज़्यादा तर इसी वज़न पर आते हैं।

उसने मदद की — نَصَرَ (ن) [94]

इस टेबल के अहम सेग़े نَصَرَ، يَنْصُرُ، اُنْصُرْ		فِعْل مُضَارِع		فِعْل مَاضِي	
		वह मदद करता है/करेगा	يَنْصُرُ	उसने मदद की	نَصَرَ
نَهْي	أمْر	वह सब मदद करते हैं/ करेंगे	يَنْصُرُوْنَ	उन सब ने मदद की	نَصَرُوْا
मत मदद कर! لَا تَنْصُرْ	मदद कर! اُنْصُرْ	आप मदद करते हैं/करेंगे	تَنْصُرُ	आपने मदद की	نَصَرْتَ
मत मदद करो! لَا تَنْصُرُوْا	मदद करो! اُنْصُرُوْا	आप सब मदद करते हैं/करेंगे	تَنْصُرُوْنَ	आप सब ने मदद की	نَصَرْتُمْ
मदद की गई	نَاصِر:	मैं मदद करता हूँ/करूँगा	أَنْصُرُ	मैने मदद की	نَصَرْتُ
जिस की मदद की गई	مَنْصُوْر:	हम मदद करते हैं/करेंगे	نَنْصُرُ	हमने मदद की	نَصَرْنَا
मदद करना	نَصْر :	वह मदद करती है/ करेगी	تَنْصُرُ	उस औरत ने मदद की	نَصَرَتْ

248 خَلَقَ (ن) उसने पैदा किया

فِعْل مَاضِي	فِعْل مُضَارِع		أمر	نَهْي	इस टेबल के अहम सेग़े : خَلَقَ، يَخْلُقُ، اُخْلُقْ
خَلَقَ उसने पैदा किया	يَخْلُقُ	वह पैदा करता है/करेगा			
خَلَقُوا उन सब ने पैदा किया	يَخْلُقُونَ	वह सब पैदा करते हैं/करेगें			
خَلَقْتَ आपने पैदा किया	تَخْلُقُ	आप पैदा करते हैं/करेंगे	اُخْلُقْ पैदा कर!	لَا تَخْلُقْ मत पैदा कर!	
خَلَقْتُمْ आप सब ने पैदा किया	تَخْلُقُونَ	आप सब पैदा करते हैं/करेंगे	اُخْلُقُوْا पैदा करो!	لَا تَخْلُقُوْا मत पैदा करो!	
خَلَقْتُ मैंने पैदा किया	أَخْلُقُ	मैं पैदा करता हूँ/करुगाँ			خَالِق : पैदा करने वाला
خَلَقْنَا हमने पैदा किया	نَخْلُقُ	हम पैदा करते हैं/करेंगे			مَخْلُوق: जिसको पैदा किया गया
خَلَقَتْ उस औरत ने पैदा किया	تَخْلُقُ	वह औरत पैदा करती है/ करेगी			خَلْق : पैदा करना

163 ذَكَرَ (ن) उसने याद किया

فِعْل مَاضِي	فِعْل مُضَارِع		أمر	نَهْي	इस टेबल के अहम सेग़े : ذَكَرَ، يَذْكُرُ، اُذْكُرْ
ذَكَرَ उसने याद किया	يَذْكُرُ	वह याद करता है/करेगा			
ذَكَرُوْا उन सब ने याद किया	يَذْكُرُوْنَ	वह सब याद करते हैं/करेंगे			
ذَكَرْتَ आपने याद किया	تَذْكُرُ	आप याद करते हैं/करेंगे	اُذْكُرْ याद कर!	لَا تَذْكُرْ मत याद कर!	
ذَكَرْتُمْ आप सब ने याद किया	تَذْكُرُوْنَ	आप सब याद करते हैं/करेंगे	اُذْكُرُوْا याद करो	لَا تَذْكُرُوْا मत याद करो!	
ذَكَرْتُ मैंने याद किया	أَذْكُرُ	मैं याद करता हूँ/करुँगा			ذَاكِر: याद करने वाला
ذَكَرْنَا हमने याद किया	نَذْكُرُ	हम याद करते हैं/करेंगे			مَذْكُوْر : जिसको याद किया गया
ذَكَرَتْ उस औरत ने याद किया	تَذْكُرُ	वह औरत याद करती है/करेगी			ذِكْر : याद करना

122 رَزَقَ (ن) उसने रिज़्क़ दिया

فِعْل مَاضِي	فِعْل مُضَارِع		أمر	نَهْي	इस टेबल के अहम सेग़े: رَزَقَ، يَرْزُقُ، اُرْزُقْ
رَزَقَ उसने रिज़्क़ दिया	يَرْزُقُ	वह रिज़्क़ देता है/देगा			
رَزَقُوا उन सब ने रिज़्क़ दिया	يَرْزُقُوْنَ	वह सब रिज़्क़ देते हैं/देंगे			
رَزَقْتَ आपने रिज़्क़ दिया	تَرْزُقُ	आप रिज़्क़ देते हैं/देंगे	اُرْزُقْ रिज़्क़ दे!	لَا تَرْزُقْ मत रिज़्क़ दे!	
رَزَقْتُمْ आप सब ने रिज़्क दिया	تَرْزُقُوْنَ	आप रिज़्क़ देते हैं/देंगे	اُرْزُقُوْا रिज़्क़ दो!	لَا تَرْزُقُوْا मत रिज़्क़ दो	
رَزَقْتُ मैंने रिज़्क दिया	أَرْزُقُ	मै रिज़्क़ देता हूँ/दूँगा			رَازِق : रिज़्क़ देने वाला
رَزَقْنَا हमने रिज़्क़ दिया	نَرْزُقُ	हम रिज़्क़ देते हैं/देंगे			مَرْزُوْق : जिसको रिज़्क़ दिया गया
رَزَقَتْ उस औरत ने रिज़्क़ दिया	تَرْزُقُ	वह औरत रिज़्क़ देती है/देगी			رِزْق : रिज़्क़

दुआ	तब्लीग़
तसव्वुर एहसास	
एहतिसाब	प्लान

सबक़-13: सूरह-अल-काफ़िरुन

قُلْ يٰٓاَيُّهَا الْكٰفِرُوْنَ ۙ﴿١﴾

لَآ اَعْبُدُ مَا تَعْبُدُوْنَ ۙ﴿٢﴾

وَلَآ اَنْتُمْ عٰبِدُوْنَ مَآ اَعْبُدُ ۚ﴿٣﴾

وَلَآ اَنَا عَابِدٌ مَّا عَبَدْتُّمْ ۙ﴿٤﴾

وَلَآ اَنْتُمْ عٰبِدُوْنَ مَآ اَعْبُدُ ﴿٥﴾

لَكُمْ دِيْنُكُمْ وَلِيَ دِيْنِ ﴿٦﴾ ع

सवाल-**1:** क्या हर ग़ैर-मुस्लिम काफ़िर होता है? फ़िर काफ़िर कौन हैं ?

जवाब:

सवाल-**2:** لَكُمْ دِيْنُكُمْ का मतलब तबलीग़ छोड़ देना है ?

जवाब:

सवाल-**3:** आप ﷺ इस सूरत को कौन सी नमाज़ में पढ़ते थे ?

जवाब:

सवाल-**4:** रात को यह सूरह पढ़ने के बारे में आप ﷺ ने क्या फ़रमाया ?

जवाब:

अरबी क़वायद के सवालात बराए सबक़-13: सूरह-अल-काफ़िरुन

सवाल-1: नीचे दिये गये टेबलस सेग़ों से तर्जुमा के साथ पुर कीजिये।

उसने मदद की — نَصَرَ[92]

इस टेबल के अहम सेग़े: نَصَرَ، يَنْصُر، اُنْصُرْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
मदद करने वाला:			
जिसकी मदद की गई:			
मदद करना :			

उसने पैदा किया — خَلَقَ (ن)[248]

इस टेबल के अहम सेग़े: خَلَقَ، يَخْلُقُ، اُخْلُقْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
पैदा करने वाला:			
जिसको पैदा किया गया:			
पैदा करना:			

उसने याद किया ذَكَرَ [163]

इस टेबल के अहम सेग़े ذَكَرَ، يَذْكُرُ اُذْكُرْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
याद करने वाला:			
जिसको याद किया गया:			
याद करना:			

उसने रिज़्क दिया رَزَقَ (ن) [122]

इस टेबल के अहम सेग़े رَزَقَ ،يَرْزُقُ، اُرْزُقْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
रिज़्क़ देने वाला:			
जिसको रिज़्क़ दिया गया:			
रिज़्क़ देना:			

सवाल-2:अरबी अल्फ़ाज़ के टुकड़े हलकी लाईन मार कर बताईये,फ़िर उनका तर्जुमा कीजिये ।	
خَلَقَكُمْ وَ رَزَقَكُمْ	
وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللهُ	
مَنْ يَّنْصُرُنِيْ	
فَاذْكُرُوْنِيْ	
اَذْكُرْكُمْ	

सवाल-3:उर्दू से अरबी में तर्जुमा कीजिये ।	
आपने मदद की मेरी	
मैंने मदद की आपकी	
उसने याद किया मुझको	
मैंने याद किया उसको	
पस मदद कर मेरी	

सबक़-14:
अज़ान के कलिमात और वुज़ू की दुआ

सबक़ 14 के ख़त्म तक आप 86 अल्फाज़ पढ़ना सीखलेंगे जो कुरआन में 33010 बार आये हैं

दुआ	तब्लीग़
तसव्वुर एहसास	
एहतिसाब	प्लान

اَللّٰهُ أَكْبَرُ اَللّٰهُ أَكْبَرُ ۞	اَللّٰهُ أَكْبَرُ اَللّٰهُ أَكْبَرُ ۞ (24)
अल्लाह सब से बड़ा है। अल्लाह सबसे बड़ा है।	अल्लाह सबसे बड़ा है। अल्लाह सब से बड़ा है।

- अल्लाह तआला कुव्वत,शान व शौकत,इज़्ज़त और हर अच्छी सिफ़त मे सबसे बड़ा है।
- दुआ:ऐ अल्लाह मुझ को तुझे अपनी ज़िन्दगी में बड़ा मानने की तौफ़ीक दे,यानी नफ़्स,ख़ानदान या लोगों के बजाये तेरी बातों को मानने और अमल करने की तौफ़ीक़ दे।

اللّٰهُ (2 बार)	إِلَّا	إِلٰهَ	لَا	أَنْ (578)	أَشْهَدُ
अल्लाह के	सिवाय	माबूद	नहीं है	कि	मैं गवाही देता हूँ
	إِلَّا: सिवाय,मगर	जमा آلِهَة	لَا = नहीं مَا: नही,क्या,जो لَمْ: नही, did not, لَنْ: हरगिज़ नही, ،will not		أَشْهَدُ:(أَفْعَلُ के वज़न पर) शहादत,शहीद, ऐनी शाहिद
मैं गवाही देता हूं कि कोई माबूद नहीं है सिवाये अल्लाह के					

إِلٰه के तीन अहम मआनी यह हैं: (1) जिस की पूजा व परस्तिश की जाये (2) जरुरतों को पूरा करने वाला (3) जिस का हुक्म माना जाये और इताअत की जाये, इम तीनों मआनी में अल्लाह के सिवाये कोई إِلٰه नही, मैं शहादत् देता हूँ यानी मेरी बातें और मेरा अमल (घर में या बाहर, आफिस में या बाज़ार में) यह बता रहा है कि मैं:

- अल्लाह से सबसे ज़्यादा मुहब्बत करता हूँ।
  अल्लाह को ख़ालिक़,मालिक,रब मानता हूँ,सारी कायनात का हाकिम मानता हूँ, उसी की इबादत और इताअ़त करता हूँ, उसी से मदद माँगता हूँ,उसी पर भरोसा करता हूँ।

رَّسُولُ اللّٰهِ (2 बार)	مُحَمَّدًا	أَنَّ (362)	أَشْهَدُ
अल्लाह के रसूल(हैं)।	मुहम्मद ﷺ	कि	मैं गवाही देता हूँ
رَسُوْل:की जमा رُسُل			أَشْهَدُ:(أَفْعَلُ के वज़न पर) शहादत,शहीद, ऐनी शाहिद
मैं गवाही देता हुँ कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) अल्लाह के रसूल हैं।			

मेरी ज़बान यानी मेरी बातें और मेरा अमल(घर में,या बाहर, आफिस में या बाज़ार में) यह बता रहा है कि मैं:

- अल्लाह और उसके रसूल से सबसे ज़्यादा मुहब्बत करता हूँ।
- आप ﷺ की लाई हुई तालीमात को बिला चूँ व चरा मानता हूँ,कुरआन और आप ﷺ की सुन्नत को हक़ व बातिल की कसौटी मानता हूँ।

➢ आप ﷺ की इताअत के लिये मुझे दूसरी कोई दलील की ज़रुरत नही, मेरी पसन्द और नापसंद आप ﷺ की पसन्द के ताबे है।

(दो बार) ۞ حَيَّ عَلَى الْفَلاَحِ		83 (दो बार) ۞ حَيَّ عَلَى الصَّلٰوةِ	
कामयाबी की	आओ तरफ़	नमाज़ की।	आओ तरफ़
आओ कामयाबी की तरफ़		आओ नमाज़ की तरफ़	حَيَّ عَلَى: आओ तरफ़ / حَيَّ: आओ

➢ " नमाज़ की तरफ आओ कहा गया न कि "नमाज़ पढ़ो" अपनी-अपनी जगह या घर में .यानी मस्जिद में पढ़ने आओ, गोया नमाज़ को कायम करो,अल्लाह ने नमाज़ को पढ़ने का हुक्म नहीं दिया बल्कि उसको कायम करने का हुक्म दिया है। नमाज़ को आओगे तो हर किस्म की फलाह मिलेगी और फ़लाह का रास्ता भी, नमाज़ कामिल ज़िक्र है,अल्लाह के जिक्र से नफसियाती तौर पर सुकून और अक़्ल को जिला मिलेगी, नमाज़ के कई जिस्मानी फाइदें भी हैं सही वक्त पर सोना और उठना वगैरा। वक्त की पाबन्दी की आदत बनेगी,इज्तिमाई फ़ायदे भी है मसलन समाजी रिश्ते मज़बूत होंगे,सब से अहम यह कि आख़िरत में हमेशा हमेशा के लिये फलाह नसीब होगी।

यह फ़लाह की तज़कीर इसलिये भी कि इंसान नमाज़ को नहीं आता यह समझ कर कि मेरी फ़लाह का काम रुक जायेगा... उस नादान शख़्स की तरह जो किसी चीज़ की तरफ़ उल्टी सिम्त भागे।

۞ لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ	۞ اَللّٰهُ أَكْبَرُ اَللّٰهُ أَكْبَرُ
नहीं है कोई माबूद सिवाय अल्लाह के	अल्लाह सबसे बड़ा है। अल्लाह सबसे बड़ा है।

➢ आख़िर में वही कलिमात जिससे अज़ान शुरु हुयी.मगर यहाँ गोया इस बात का ऐलान है कि उसकी बड़ाई को मानते हुये आजाओ अगर न मानो तो भी वह अपनी जगह बड़ा है, आने या न आने से उसकी बड़ाई पर कोई असर नही पड़ता,न आकर तुम अपना ही नुक्सान कर बैठोगे,जबकि उसकी पुकार पर लब्बैक कहने से तुम दुनिया और आख़िरत की फ़लाह पा जाओगे।

<u>वुज़ू के अज़कार:</u> वुज़ू शुरु करने की दुआ بِسْمِ اللّٰهِ है और वुज़ू के बाद की दुआ नीचे दी जा रही है।

اللّٰهُ	إِلَّا	إِلٰهَ	لَا	أَنْ	أَشْهَدُ
अल्लाह	सिवाय	कोई	नहीं है	कि	मैं गवाही देता हूँ
	إِلَّا:सिवाय,मगर		لَا = नहीं مَا:नही,क्या,जो لَمْ: नही, **did not,** لَنْ : हरगिज़ नही, **will not**		أَشْهَدُ:(أَفْعَلُ के वज़न पर) शहादत,शहीद, ऐनी शाहिद
मैं गवाही देता हूँ कि कोई (हक़ीक़ी) माबूद नहीं है सिवाये अल्लाह के					

मेरी ज़ुबान यानी मेरी बातें और मेरा अमल(घर में या बाहर,आफ़िस में या बाज़ार में) यह शहादत दे रहा है यानी यह बता रहा है कि मैं अल्लाह को-

- ख़ालिक,मालिक,रब मानता हूँ,सारी कायनात का हाकिम मानता हूँ,उसी की इबादत और इताअत करता हूँ,उसी से मदद माँगता हूँ।
- सब से ज़्यादा उसी से मुहब्बत करता हूँ।

لَهٗ	لَا شَرِيْكَ (40)	وَحْدَهٗ
उसका	नहीं कोई शरीक	वह अकेला है,
'لَهٗ' उसका, उसके लिये	شَرِيكَ، شُرَكَاء، شِرْك ، مُشْرِك	وَاحِد أَحَد تَوْحِيْد
वह अकेला है, उसका कोई शरीक नहीं		

- यहाँ अल्लाह की वहदानियत का फिर से दूसरे अल्फ़ाज़ में इक़रार और शिर्क से मुकम्मल बेज़ारी का ऐलान वरना निजात ही मुश्किल,क्योंकि अल्लाह तआला शिर्क को हरग़िज़ माफ़ नही करेगा इसलिये शिर्क की ख़तरनाकी को ज़हन में रखते हुये पढ़िये।

وَرَسُوْلُهٗ (236)			عَبْدُهٗ (126)		مُحَمَّدًا	أَنَّ	وَأَشْهَدُ
और उसके रसूल हैं			उसके बन्दे		मुहम्मद (स.)	कि	और मैं गवाही देता हूँ
هٗ	رَسُوْلُ	وَ	هٗ	عَبْد	مُحَمَّد: खूब तारीफ़ किया हुआ	أَنَّ أَنْ: कि बेशक	أَشْهَدُ:(أَفْعَلُ के वज़न पर) शहादत,शहीद, ऐनी शाहिद
उस के	पैग़म्बर	और	उसके	बन्दे			
और मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अ़लैही व सल्लम) उसके बन्दे और उसके रसूल हैं।							

- उपर अज़ान के क़लिमात में इसकी तश्रीह गुज़र चुकी है,यहाँ पर عبد (बन्दे)का लफ़्ज़ ज़्यादा है, पिछली उम्मतों ने नेक लोगो को उनके ज़बरदस्त कारनामों की वजह से उनको ख़ुदा का बेटा या ख़ुदाई में शरीक बना दिया, अल्लाह तआला ने मुहम्मद ﷺ के हक़ीक़ी मरतबे को बयान फरमा कर और उस पर हर मोमिन से शहादत दिलवाकर इस उम्मत में शिर्क के दरवाज़े को बन्द किया है।
- हम सब को अल्लाह ने बनाया है और इस दुनिया की हर चीज़ को भी, इसलिये हमको उसका सच्चा बन्दा बनकर रहना चाहिये। मुहम्मद ﷺ अल्लाह के सबसे बेहतरीन बन्दे हैं और हमारे लिये उसवा(नमुना) है।

مِنَ الْمُتَطَهِّرِيْنَ	وَاجْعَلْنِيْ			مِنَ التَّوَّابِيْنَ	اجْعَلْنِيْ		اَللّٰهُمَّ
पाक साफ़ रहने वालों (में) से	और बना दे मुझे			खूब तौबा करने वालों (में) से	बना दे मुझे		ऐ अल्लाह
مُتَطَهِّر: مُتَطَهِّرُوْن مُتَطَهِّرِيْنَ(जमअ) طَاهِر طَهُوْر طَهَارَة	نِي	اِجْعَلْ	وَ	تَابَ:पलटना ,تَائِب:पलटने वाला تَوَّاب:बार-बार पलटने वाला	نِي:मुझे	اِجْعَلْ:बना दे	
	मुझे	बना दे	और		اِفْعَل:اِجْعَل के वज़न पर		
ऐ अल्लाह! बना दे मुझे खूब तौबा करने वालों में से और बना दे मुझे पाक साफ़ रहने वालों में से							

- इंसान बार बार ग़ल्तियाँ करता है,नही करने के काम करता है,या करने के काम सही तौर से नही करता,इसलिये शदीद ज़रुरत है कि वह बार-बार तौबा करे ।
- पाकी से मुराद लिबास और मकान की पाकी,अकीदा और ख़यालात की पाकी,बल्कि हर किस्म की पाकी नसीब कर ।

ग्रामर: नीचे दिये गये 21 अहम सेगों की प्रेक्टिस कीजिये आखिरी दो सेग़े वाहिद मुअन्नस के हैं ।

उसने कुफ़र किया — (ن) كَفَرَ 483

इस टेबल के अहम सेग़े : كَفَرَ، يَكْفُرُ، اُكْفُرْ		فِعْل مُضَارِع	فِعْل مَاضِي
		वह कुफ़र करता है/ करेगा يَكْفُرُ	उसने कुफ़र किया كَفَرَ
نَهْي	أمْر	वह सब कुफ़र करते हैं/करेंगे يَكْفُرُوْنَ	उन सब ने कुफ़र किया كَفَرُوْا
मत कुफ़र कर! لَا تَكْفُرْ	कुफ़र कर! اُكْفُرْ	आप कुफ़र करते हैं/ करेंगे تَكْفُرُ	आपने कुफ़र किया كَفَرْتَ
मत कुफ़र करो! لَا تَكْفُرُوْا	कुफ़र करो! اُكْفُرُوْا	आप सब कुफ़र करते हैं/करेंगे تَكْفُرُوْنَ	आप सबने कुफ़र किया كَفَرْتُمْ
कुफ़र करने वाला كَافِر:		मैं कुफ़र करता हूँ / करुँगा أَكْفُرُ	मैने कुफ़र किया كَفَرْتُ
जिस का कुफ़र किया गया مَكْفُوْر:		हम कुफ़र करते हैं/ करेंगे نَكْفُرُ	हमने कुफ़र किया كَفَرْنَا
कुफ़र करना كُفْر :		वह औरत कुफ़र करती है /करेगी تَكْفُرُ	उस औरत ने कुफ़र किया كَفَرَتْ

वह दाख़िल हुआ — (ن) دَخَلَ 78

इस टेबल के अहम सेग़े : دَخَلَ، يَدْخُلُ، اُدْخُلْ		فِعْل مُضَارِع	فِعْل مَاضِي
		वह दाख़िल होता है/ होगा يَدْخُلُ	वह दाख़िल हुआ دَخَلَ
نَهْي	أمْر	वह सब दाख़िल होते हैं/ होंगे يَدْخُلُوْنَ	वह सब दाख़िल हुये دَخَلُوْا
मत दाख़िल हो! لَا تَدْخُلْ	दाख़िल हो! اُدْخُلْ	आप दाख़िल होते हैं/होंगे تَدْخُلُ	आप दाख़िल हुये دَخَلْتَ
तुम सब मत दाख़िल हो لَا تَدْخُلُوْا	तुम सब दाख़िल हो! اُدْخُلُوْا	आप सब दाख़िल होते हैं/होंगे تَدْخُلُوْنَ	आप सब दाख़िल हुये دَخَلْتُمْ
दाख़िल होने वाला دَاخِل :		मैं दाख़िल होता हूँ /होऊँगा أَدْخُلُ	मै दाख़िल हुआ دَخَلْتُ
जिसमें दाख़िला हुआ مَدْخُول:		हम दाख़िल होते हैं/ होंगे نَدْخُلُ	हम दाख़िल हुये دَخَلْنَا
दाख़िल हुआ دُخُوْل:		वह दाख़िल होती है/ होगी تَدْخُلُ	वह औरत दाख़िल हुई دَخَلَتْ

उसने इबादत की (ن) عَبَدَ [143]

इस टेबल के अहम सेग़े : عَبَدَ، يَعْبُدُ، أُعْبُدْ		فِعْل مُضَارِع	فِعْل مَاضِي
		वह इबादत करता है/करेगा يَعْبُدُ	उसने इबादत की عَبَدَ
نَهْي	أمْر	वह सब इबादत करते हैं/करेंगे يَعْبُدُوْنَ	उन सब ने इबादत की عَبَدُوْا
मत इबादत कर! لَا تَعْبُدْ	इबादत कर! أُعْبُدْ	आप इबादत करते हैं/करेंगे تَعْبُدُ	आपने इबादत की عَبَدْتَّ
मत इबादत करो! لَا تَعْبُدُوْا	इबादत करो! أُعْبُدُوْا	आप सब इबादत करते हैं/करेंगे تَعْبُدُوْنَ	आप सब ने इबादत की عَبَدْتُّمْ
इबादत करने वाला : عَابِد		मैं इबादत करता हूँ/करूँगा أَعْبُدُ	मैंने इबादत की عَبَدْتُّ
जिसकी इबादत की गई : مَعْبُوْد		हम इबादत करते हैं/करेंगे نَعْبُدُ	हमने इबादत की عَبَدْنَا
इबादत करना : عِبَادَة		वह औरत इबादत करती है/करेगी تَعْبُدُ	उस औरत ने इबादत की عَبَدَتْ

अज़ान की इब्तिदा

जब नमाज़ के वक़्त के लिये किसी ऐसी अलामत की ज़रुरत पड़ी जिस के ज़रिये तमाम लोगों को नमाज़ का वक़्त मालूम हो जाये तमाम मूसलमानों ने मशवरा किया जब रात हुयी तो अब्दुल्लाह बिन ज़ूबैर रज़ि: ने ख़्वाब में देखा कि एक शख़्स नाक़ूस लेकर जार हा था तो उन्होनें उससे कहा क्या तुम इस नाक़ूस को बेचोगे, तो उस आदमी ने कहा तुम इसका क्या करोगे, तो अब्दुल्लाह रज़ि: ने कहा हम इसके ज़रिया लोगों को नमाज़ की तरफ़ बुलायेंगे, तो उस आदमी ने कहा क्या मैं तुम्हें इससे बेहतर चीज़ न बताऊँ, तो अब्दुल्लाह रज़ि ने कहा क्यों नही, तो उस आदमी ने अज़ान के मशहूर कलिमात सिखाये फिर अक़ामत के कलिमात सिखाये,हज़रत अब्दुल्लाह कहते हैं जब सुबह हुयी मैं नबी सल्लल्लाहु के पास आया और जो कुछ मैंने रात में देखा था ब्यान किया तो अल्लाह के रसूल ने फ़रमाया यह सच्चा ख़्वाब है इन्शा अल्लाह, खड़े हो बिलाल के साथ और बिलाल को वह कलिमात सिखाओ ताकि वह अज़ान दें क्योंकि उनकी आवाज़ तुम से ऊँची है ।

सबक़-14: अज़ान और वुज़ू के बाद की दुआ

اَللّٰهُ أَكْبَرُ اَللّٰهُ أَكْبَرُ ۞ اَللّٰهُ أَكْبَرُ اَللّٰهُ أَكْبَرُ ۞

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ (दो बार)

أَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا رَّسُولُ اللّٰهِ (दो बार)

حَيَّ عَلَى الصَّلٰوةِ ۞ (दो बार) حَيَّ عَلَى الْفَلَاحِ ۞ (दो बार)

اَللّٰهُ أَكْبَرُ اَللّٰهُ أَكْبَرُ ۞ لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ ۞

वुज़ू के अज़कार: वुज़ू शुरु करने की दूआ بِسْمِ اللّٰهِ है और वुज़ू के बाद की दुआ नीचे दी जा रही है।

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ

وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ

وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ

اَللّٰهُمَّ اجْعَلْنِيْ مِنَ التَّوَّابِيْنَ وَاجْعَلْنِيْ مِنَ الْمُتَطَهِّرِيْنَ

सवाल-**1:** "اَللّٰہُ اَکْبَر" को हम अपनी ज़िन्दगी में किस तरह ला सकते हैं ?

जवाब:

सवाल-**2:** शहादत देने का मतलब क्या है ?

जवाब:

सवाल-**3:** नमाज़ को आने के दुनिया और आख़िरत के फायदे बताईये ?

जवाब:

सवाल **-4:** वुज़ू के बाद की दुआ पढ़ने की क्या फ़ज़ीलत है ?

जवाब:

अरबी क़वायद के सवालात बराए सबक़-14: अज़ान के कलिमात और वुज़ू की दुआ

सवाल -1: नीचे दिये गये टेबल्स सेग़ों से तर्जुमा के साथ पुर कीजिये ।

उसने कुफ़्र किया — كَفَرَ (ن) [461]

इस टेबल के अहम सेग़े كَفَرَ، يَكْفُرُ، أُكْفُرْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
कुफ़्र करने वाला:			
जिसका कुफ़्र किया गया:			
कुफ़्र करना:			

वह दाख़िल हुआ : — دَخَلَ (ن) [78]

इस टेबल के अहम सेग़े دَخَلَ ، يَدْخُلُ، أُدْخُلْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
		वह दाख़िल होता है/होगा	वह दाख़िल हुआ
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
दाख़िल होने वाला:			
जिसमें दाख़िल हुआ:			
दाख़िल होना:			

उसने इबादत की : عَبَدَ (ن) [143]

इस टेबल के अहम सेग़े عَبَد، يَعْبُدُ، اُعْبُدْ		तर्जुमा فِعْل مُضَارِع	तर्जुमा فِعْل مَاضِي
तर्जुमा نَهْي	तर्जुमा أمْر		
इबादत करने वाला:			
जिसकी इबादत की गई:			
इबादत, इबादत करना:			

सवाल-2:अरबी अल्फ़ाज़ के टुकड़े हलकी लाईन मार कर बताईये,फ़िर उनका तर्जुमा कीजिये ।	
فَاعْبُدُوْهُ	
فَاعْبُدْهُ	
وَلَاتَكْفُرُوْا	
وَقَدْ كَفَرْتُمْ	
وَمَنْ كَفَرَ	

सवाल-3:उर्दू से अरबी में तर्जुमा कीजिये ।	
हम इबादत करते हैं तेरी	
आप दाखिल हुए और मैं दाखिल हुआ	
मैने इबादत की और कुफ़्र नही किया	
उसने कुफ़्र किया और इबादत नही की	
में दाखिल होता हूँ	

सबक़-15: सना ,रुकू ,सजदा

********** सना **********												
41												
سُبْحٰنَكَ		اللّٰهُمَّ		وَبِحَمْدِكَ				وَتَبَارَكَ			اسْمُكَ	
पाक है तू		ऐ अल्लाह		और तारफिफ़ है तेरे लिये				और बरकत वाला है			तेरा नाम	
سُبْحَانَ	كَ	(سُبْحَانَ الله)	اللّٰهُمَّ: ऐ अल्लाह	وَ	بِ	حَمْدِ	كَ	وَ	تَبَارَكَ	اسْمُ	كَ	(بِسْمِ اللهِ)
पाक है	तू			और	साथ	तारीफ	तेरी	और	बरकत वाला है	नाम	तेरा	
ऐ अल्लाह तू पाक है और तेरे ही लिये तारीफ़ है और तेरा नाम बरकत वाला है।												

- سُبْحٰنَكَ اللّٰهُمَّ: अल्लाह कमज़ोर नहीं,ज़ालिम नहीं,उसको किसी की मदद की ज़रुरत नहीं,उसमें कोई नुक़्स नहीं। उसने मुझे जो भी ज़िन्दगी का इम्तिहान दिया है वह बिल्कुल सही है। मुझे कोई शिकायत नही(यह मुस्बत रवय्या की बुनियाद है यानी **positive attitude**)
- وَبِحَمْدِكَ तारीफ़ और शुक्र भी दीन की एक अहम बुनियाद,जब तक सच्ची तस्बीह न हो,सच्ची तारीफ़ और शुक्र नही हो सकता, कामयाब शख़्सियात का राज़: मुसबत रवय्या रखना और शुक्र करना ।
- وَتَبَارَكَ اسْمُكَ : अगर आप सिर्फ़ "काम अच्छा" कहते रहें तो काम अच्छा नही हो जाता,मगर अल्लाह के नाम से काम शुरु हो तो उसकी मदद मिल जाती है,बरकत मिल जाती है,और आख़िरत में तो उसका नाम लेने वाले और उसका काम करने वाले हमेशा-हमेशा की बरकतों से सरफराज़ होंगे ।

20							
وَتَعَالٰى		جَدُّكَ		وَلَا إِلٰهَ		غَيْرُكَ	
और बुलन्द व बाला है		तेरी बूज़र्गी		और नही कोई माबूद		सिवाये तेरे	
وَ	تَعَالٰى	جَدُّ	كَ	وَ	لَا	إِلٰهَ	غَيْرُ	كَ
और	बुलन्द व बाला है	बुज़ुर्गी	तेरी	तेरी	नही	कोई माबूद	सिवाय	तेरे
	आलीशान	ऊर्दू के अल्फाज़ جدّ امجد، آباء واجداد						
और तेरी बुज़ुर्गी बुलन्द व बाला है,और तेरे सिवा कोई (सच्चा) माबूद नही।							

- وَتَعَالٰى جَدُّكَ: तेरी बुज़ुर्गी या तेरी **Majesty** सबसे बुलन्द है कोई दुनिया का कितना ही ताक़तवर हुक्मराँ हो या बादशाह, तेरे सामने कुछ भी नही ।
- وَلَا إِلٰهَ غَيْرُكَ:उसकी वहदानियत का इक़रार और शिर्क से मुकम्मल बेज़ारी का एलान,वरना निजात मुश्किल है। अल्लाह तआला शिर्क को हरगिज़ मुआफ नहीं करेगा इसलिये शिर्क की ख़तरनाकी को ज़ेहन में रखते हुये पढ़िये ।

***** ***** ***** ***** रुकू के अज़कार ***** ***** ***** *****		
الْعَظِيْم ۞ [120]	رَبِّيَ	سُبْحٰنَ
अज़मत वाला	मेरा रब	पाक है
الْعَظِيْم:अज़मत वाला,बड़ाई वाला,जिसको आजिज़ न किया जा सके	मेरे जिस्म के एक एक ज़र्रे-ज़र्रे का पालने वाला	हर ऐब और बुराई से पाक
मेरा रब पाक है,बहुत अज़्मत वाला है ।		

चार बातों को तसव्वुर और एहसास के साथ पढ़िये:(1) उसकी पाकी (2) उसकी रुबूबियत, (3) अपनाइयत से कि वह मेरा रब है (4) उसकी अज़मत ।

वह पाक है:

- मेरा रब ज़ालिम नही,नाइन्साफी करने वाला नही। बेमक़सद चीज़ो को पैदा करने वाला नही, उसको न थकन आती है न नींद,वह कमज़ोर नही,उसको किसी का ख़ौफ नही ।
- मेरे रब में कोई नुक्स नही,जो ज़िन्दगी के इम्तिहान हालात हैं,उन पर मुझ को कोई शिकायत नही, मेरे ज़र्रे ज़र्रे की परवरिश करने वाला है,वह अज़ीम है।

حَمِدَهٗ ۞	لِمَنْ	سَمِعَ اللّٰهُ
तारफ़ि की	उसकी जिसने	सुन ली अल्लाह ने
सुन ली अल्लाह ने जिसने उसकी तारीफ की ।		

अल्लाह सब की सुनता है मगर यहाँ हम्द करने वाले के लिये सुनने का ख़ास ज़िक्र,हम्द करने से उसको कोई फायदा नही पहुँचता और नही करने से उसका कोई नुक़्सान नही होता,उसका पूरा पूरा फ़ायदा हम को मिलता है ।

الْحَمْدُ ۞	وَلَكَ	رَبَّنَا
हर क़िस्म की तारफ़ि है	तेरे ही लिये	ऐ हमार रब
ऐ हमारे रब तेरे लिये हर क़िस्म की तारीफ़ है ।		

- حمد के दो मआनी याद रखिये:तारीफ करना और शुक्र करना,पूरे दिल से,शौक़ के साथ और तारीफ़ के जज़्बात से(यानी ऐ अल्लाह तू बहुत करीम है,रहीम है,वगैरा) उसकी तारीफ़ कीजिये यानी यह कहिये :رَبَّنَا وَلَكَ الْحَمْد

***** ***** ***** ***** ***** सजदे के अज़कार ***** ***** ***** ***** *****				
الْأَعْلٰى ۞			رَبِّيَ	سُبْحٰنَ
सब से बुलन्द			मेरा रब	पाक है
عَلِى बुलन्द	أَعْلٰى ज़्यादा बुलन्द	الْأَعْلٰى सबसे बुलन्द		
मेरा रब पाक है जो सब से बुलन्द है				

सजदे की हालत:मुकम्मल सुपुर्दगी की है। इस में भी चार बातों को तसव्वुर और एहसास के साथ पढ़िये: (1) उसकी पाकी (2) उसकी रुबूबियत (3) अपनाइयत से कि वह मेरा रब है (4) उसकी बुलन्दी को ।

मैं नीचा ज़मीन पर... और अल्लाह अर्श पर सबसे ऊपर....यह बन्दे की सच्ची पोज़ीशन है। इसलिये भी बन्दा अल्लाह के सब से करीब सजदे में होता है ।

سُبْحٰنَ رَبِّیَ الْاَعْلٰی को अपनी ज़िन्दगी में लायें :

दुआ: ऐ अल्लाह !मदद कर मेरी कि मैं ज़िन्दगी के इम्तिहान की हर चीज़ को कुबूल करुँ और तुझ से कोई शिकायत न करुँ(कि मेरे साथ ऐसा क्यों है ? वगैरा)

एहतिसाब: मैं कितनी दफ़ा शिकायत करता हूँ अपने रंग,ख़द्दो ख़ाल,ख़ानदान,मौसम,मौजूदा हालात वगैरा की ?

प्लान: इस बात पर ध्यान दें कि अल्लाह जो भी करता है मुकम्मल करता है,हालात हमारा इम्तिहान होते हैं और कुछ इन्सानी ग़ल्तियों का नतीजा ।

तब्लीग़: इस पैग़ाम को फ़ैलायें कि अल्लाह हर ऐब से पाक है ।

58 ضَرَبَ (ض) ضَرَبَ مَثَلًا:उसने मिसाल दी ,ضَرَبَ: उसने मारा

इस टेबल के अहम सेग़े : ضَرَبَ، يَضْرِبُ، اِضْرِبْ		فِعْل مُضَارِع	فِعْل مَاضِي
		वह मारता है/मारेगा يَضْرِبُ	उसने मारा ضَرَبَ
نَهْي	أمْر	वह सब मारते हैं/मारेंगे يَضْرِبُوْنَ	उन्होने मारा ضَرَبُوْا
मत मार! لَا تَضْرِبْ	मार! اِضْرِبْ	तुम मारते हो/मारोगे تَضْرِبُ	आपने मारा ضَرَبْتَ
मत मारो! لَا تَضْرِبُوْا	मारो! اِضْرِبُوْا	आप मारते हैं/मारेंगे تَضْرِبُوْنَ	आप सब ने मारा ضَرَبْتُمْ
मारने वाला : ضَارِب		मैं मारता हूँ/मारुँगा أَضْرِبُ	मैंने मारा ضَرَبْتُ
जिसको मारा गया : مَضْرُوْب		हम मारते हैं/मारेंगे نَضْرِبُ	हमने मारा ضَرَبْنَا
मार मारना : ضَرْب		वह औरत मारती है/मारेगी تَضْرِبُ	उस औरत ने मारा ضَرَبَتْ

ظَلَمَ (ض) [266] — उसने ज़ुल्म किया: ظَلَمَ

فِعْل مَاضِي		فِعْل مُضَارِع			
ظَلَمَ	उसने ज़ुल्म किया	يَظْلِمُ	वह ज़ुल्म करता है/करेगा	इस टेबल के अहम सेग़े : ظَلَمَ، يَظْلِمُ، اِظْلِمْ	
ظَلَمُوْا	उन्होने ज़ुल्म किया	يَظْلِمُوْنَ	वस सब ज़ुल्म करते हैं/करेंगे	أمر	نَهْي
ظَلَمْتَ	आपने ज़ुल्म किया	تَظْلِمُ	आप ज़ुल्म करते हो/करोगे	اِظْلِمْ ज़ुल्म कर!	لَا تَظلِمْ मत ज़ुल्म कर
ظَلَمْتُمْ	आप सब ने ज़ुल्म किया	تَظْلِمُوْنَ	आप सब ज़ुल्म करते हो/करोगे	اِظْلِمُوْا ज़ुल्म करो!	لَا تَظلِمُوْا मत ज़ुल्म करो!
ظَلَمْتُ	मैंने ज़ुल्म किया	أَظْلِمُ	मैं ज़ुल्म करता हूँ/करुँगा	ظَالِم : ज़ुल्म करने वाला	
ظَلَمْنَا	हमने ज़ुल्म किया	نَظْلِمُ	हम ज़ुल्म करते हैं/करेंगे	مَظْلُوْم: जिस पर ज़ुल्म किया गया	
ظَلَمَتْ	उस औरत ने ज़ुल्म किया	تَظْلِمُ	वह औरत ज़ुल्म करती है/करेगी	ظُلم : ज़ुल्म	

صَبَرَ (ض) [94] — उसने सब्र किया: صَبَرَ

فِعْل مَاضِي		فِعْل مُضَارِع			
صَبَرَ	उसने सब्र किया	يَصْبِرُ	वह सब्र करता है/करेगा	इस टेबल के अहम सेग़े صَبَرَ، يَصْبِرُ، اِصْبِرْ	
صَبَرُوْا	उन्होने सब्र किया	يَصْبِرُوْنَ	वह सब सब्र करते है/करेंगे	أمر	نَهْي
صَبَرْتَ	आपने सब्र किया	تَصْبِرُ	आप सब्र करते हो/ करोगे	اِصْبِرْ सब्र कर!	لَا تَصْبِرْ मत सब्र करो!
صَبَرْتُمْ	आप सब ने सब्र किया	تَصْبِرُوْنَ	आप सब सब्र करते हो/ करोगे	اِصْبِرُوْا सब्र करो!	لَا تَصْبِرُوْا मत सब्र करो!
صَبَرْتُ	मैने सब्र किया	أَصْبِرُ	मैं सब्र करता हूँ/करुँगा	صَابِر : सब्र करने वाला जिस फ़ेल का असर दूसरे पर ने पड़े सिर्फ़ करने वाले पर होतो ऐसे अफ़आल का इस्मे मफ़उल नही बनता	
صَبَرْنَا	हमने सब्र किया	نَصْبِرُ	हम सब्र करते हैं/करेंगे		
صَبَرَتْ	उस औरत ने सब्र किया	تَصْبِرُ	वह औरत सब्र करती है/करेगी	صَبْر : सब्र	

उसने बख़्शिश की : غَفَرَ

95 غَفَرَ (ض)

इस टेबल के अहम सेग़े : غَفَرَ، يَغْفِرُ، اِغْفِرْ			فِعْل مُضَارِع	فِعْل ماضِي	
			वह माफ़ करता है/करेगा يَغْفِرُ	उसने माफ़ किया غَفَرَ	
نَهْي	أمْر		वह सब माफ़ करते हैं /करेंगे يَغْفِرُوْنَ	उन्होने माफ़ किया غَفَرُوْا	
मत माफ़ कर! لَا تَغْفِرْ	माफ़ कर! اِغْفِرْ		आप माफ़ करते हो/करोगे تَغْفِرُ	आपने माफ़ किया غَفَرْتَ	
मत माफ़ करो! لَا تَغْفِرُوْا	माफ़ करो! اِغْفِرُوْا		आप सब माफ़ करते हो/करोगे تَغْفِرُوْنَ	आप सब ने माफ़ किया غَفَرْتُمْ	
			मैं माफ़ करता हूँ/करूँगा أَغْفِرُ	मैने मुआफ किया غَفَرْتُ	
			हम माफ़ करते है/करेंगे نَغْفِرُ	हम सब ने माफ़ किया غَفَرْنَا	
			वह माफ़ करती है/करेगी تَغْفِرُ	उस औरत ने माफ़ किया غَفَرَتْ	

माफ़ करने वाला : غَافِر

जिसको माफ़ किया गया : مَغْفُوْر

माफ़ करना : مَغْفِرَة

इस सबक़ में बाब ضَرَبَ के चार अफ़आल बयान किये गये,चारों मिसालों को एक जुमले में आप इस तरह याद रख सकते हैं।

- अगर किसी ने दूसरे को ज़बरदस्ती मारा(ضَرَبَ)तो ज़ुल्म करेगा (ظَلَمَ)
- जिस पर ज़ुल्म हुआ,अगर वह कमज़ोर हो तो ख़ामोश बैठा रहेगा (صَبَرَ)
- और जिसने ज़ुल्म किया यानी मारा तो उसको माफ़ी माँगना चाहिये ताकि अल्लाह उसको बख़्श दे (غَفَرَ)

أَقْرَبُ مَا يَكُوْنُ الْعَبْدُ مِنْ رَّبِّهٖ وَهُوَ سَاجِدٌ

अल्लाह के रसूल सई ने फ़रमाया कि बन्दा सज्दा में अपने रब से बहुत क़रीब होता है।

सबक़-15: सना, रुकू, सजदा

********** सना **********

سُبْحٰنَكَ	اللّٰهُمَّ	وَبِحَمْدِكَ	وَتَبَارَكَ	اسْمُكَ

وَتَعَالٰى	جَدُّكَ	وَلَا إِلٰهَ	غَيْرُكَ

